**अरूण साव**
उप मुख्यमंत्री
**ARUN SAO**
Deputy Chief Minister

**छत्तीसगढ़ शासन**
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग
**Government of Chhattisgarh**
Public Works Department, Public Health Engineering
Urban Administration & Development,
Sports and youth Welfare Department

क्रमांक 4239/उप मुख्यमंत्री/2025

रायपुर, दिनांक : 15/09/2025

विषय :— स्वच्छ भारत मिशन—शहरी 2.0 अन्तर्गत "स्वच्छता ही सेवा अभियान—2025 (SHS-2025)" का क्रियान्वयन किये जाने के संबंध में।

——00——

संदर्भ :— संयुक्त सचिव एवं मिशन डायरेक्टर (SBM-U), भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का अर्द्धशासकीय पत्र क्र. D.O. No.-2/5/2024-SBM-IV दिनांक 10.09.2025

स्वच्छता हमारी संस्कृति और संस्कार का प्रतीक रहा है। हमारे स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता की जड़ें प्राचीन समय से जुड़ी हुई हैं। स्वच्छता वह संस्कार है, जो हमें हमारे पूर्वजों से मिला है, जो हम अपने युवा पीढ़ी को उनके भविष्य और समाज को स्वस्थ तथा अपने नगरों की स्वच्छ छवि की पहचान प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि, राज्य के नगरीय निकायों ने स्वच्छ सर्वेक्षण—2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय पटल पर स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य को गौरान्वित किया है एवं समस्त राज्यों के मध्य छत्तीसगढ़ ने अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है। जहाँ एक ओर हमारे 3 शहरों : अम्बिकापुर, पाटन एवं बिश्रामपुर ने देश के स्वच्छतम 23 शहरों की **"सुपर स्वच्छ लीग"** में स्थान प्राप्त करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदया से पुरस्कार प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है, वहीं दूसरी ओर हमारे 3 अन्य शहर : बिलासपुर, कुम्हारी एवं बिल्हा ने अपनी जनसंख्या श्रेणियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदया से **"स्वच्छ शहर"** के पुरस्कार प्राप्त किये हैं। साथ ही राजधानी रायपुर को माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा **"प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर"** के पुरस्कार का सम्मान प्राप्त हुआ। इन 7 शहरों को मिले पुरस्कार एवं सम्मान हेतु मैं हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान करता हूँ।

कार्यालय : एम-4/9, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) * निवास : एम-6, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
Office : M-4/9, Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.) * Residence : M-6, Sec.-24, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)
Ph. (Mantralaya) / दूरभाष (मंत्रालय) : 0771-2510319, 2221318 * Ph. (Residence) / दूरभाष (निवास) : 0771-2965091, 2965092

स्वच्छतम शहरों की इस भावना को आधारशिला बनाते हुए हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी **"स्वच्छता ही सेवा–2025"** अभियान (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025) का आयोजन किया जा रहा है। गत वर्षों की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए हम सब मिलकर वर्ष 2025 में स्वच्छता ही सेवा अभियान को एक जन उत्सव बनाने जा रहे हैं। अभियान हेतु इस वर्ष भारत सरकार द्वारा **"स्वच्छोत्सव – स्वच्छ एवं हरित उत्सव"** का थीम निर्धारित किया गया है, जो हमें हमारे त्यौहारों एवं उत्सवों में स्वच्छता एवं पर्यावरण अनुकूल, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट मुक्त शहरों की परिकल्पना प्रदान करती है।

भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश सभी शहरों को जारी किये गए हैं। इस अभियान के प्रमुख घटक निम्नानुसार हैं :–

**1. स्वच्छता लक्षित इकाइयों (CTUs) का रूपांतरण :–**

अपने शहर के कठिन एवं उपेक्षित स्थान जिन्हें स्वच्छता लक्षित इकाइयों (CTUs) के रूप में चिन्हांकित किया गया है, उन्हें स्वच्छ एवं रूपांतरित करना, जिससे वे उपेक्षित स्थान सामुदायिक पार्क या बच्चों के खेल का मैदान के रूप में शहर की सुंदरता को बढ़ा सकें।

**2. सार्वजनिक स्थलों की सफाई :–**

सार्जनिक स्थल हमारे शहरों का दर्पण है। शासकीय/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यालयों, अर्द्धशासकीय/निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, बाजार, मंडी, मुख्य चौक–चौराहों, उद्यानों, शहीद स्मारकों, अटल परिसर आदि पर जनभागीदारी से वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जावे, जिससे हर नागरिक को गर्व की अनुभूति हो कि, उसका शहर एक स्वच्छ शहर है।

**3. उत्सवों को स्वच्छ और हरित बनाना :–**

इको–फ्रेंडली पंडाल, प्लास्टिक मुक्त बाजार एवं पर्यावरण अनुकूल विसर्जन के साथ त्योहारों को पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं के साथ मनाना, जिससे आने वाली पीढ़ियों को हम स्वच्छोत्सव की परंपरा सौंप सकें।

**4. सफाई मित्र सुरक्षा शिविर :–**

सफाई मित्रों को सम्मान एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु शहरों में कार्यरत् स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों एवं अन्य सफाई कर्मियों को एकल खिड़की शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य जांच, पीपीई किट वितरण एवं केंद्र/राज्य प्रवर्तित योजनाओं का लाभ प्रदान किया जावे।

5. जन–जागरूकता अभियान :–

पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता के प्रचार–प्रसार हेतु रैलियाँ, प्रभात फेरियाँ, स्वच्छता शपथ, चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता एवं जन–संवाद के माध्यम से नागरिकों को अभियान से जोड़ना, जिससे हर गली, हर मोहल्ले का इस आंदोलन में सहभागिता सुनिश्चित किया जावे।

इस अवसर पर विशेषतः 25 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम के आयोजन का आह्वान किया गया है। मैं सभी शहरों से व्यक्तिशः अनुरोध करता हूँ कि, 25 सितम्बर, 2025 को जनभागीदारी एवं जनआह्वान से **"एक दिन, एक घंटा, एक साथ"** महाश्रमदान का आयोजन कर एक अविस्मवरणीय कार्यक्रम का आयोजन करें। इस कार्यक्रम में हमें जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक एवं बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सबको जोड़ते हुए, एक सफल आयोजन का रूप देना है।

**17 सितंबर को हमारे देश के यशस्वी प्रधानसेवक माननीय नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिन का अवसर है, यह मात्र उनका जन्मदिन नहीं अपितु उनके स्वच्छता के प्रति योगदान, सार्वभौमिकता, प्रेरणा, जनभागीदारी, स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में किये गए उल्लेखनीय प्रयासों का प्रतिबिम्ब है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन का रूप दिया, जिसमें उनके आह्वान पर देश के सभी वर्गों के लोग सम्मिलित हुए। उन्होंने व्यक्तिगत सफाई के महत्व को जन–जन तक पहुंचाया एवं उनके अथक प्रयासों से लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित एवं स्वस्थ हुआ। अतएव हमारा कर्तव्य है कि, हमारे ऐसे कर्तव्यनिष्ठ और ऊर्जावान प्रधानसेवक के जन्मदिन पर दिनांक 17 सितंबर, 2025 को पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों में स्वच्छता आधारित गतिविधियाँ जैसे स्वच्छता शपथ ग्रहण, स्वच्छता प्रभात फेरी, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, इत्यादि का आयोजन कर "स्वच्छोत्सव" के रूप में माननीय प्रधानमंत्रीजी के "जन्मोत्सव" को मनाये।**

2 अक्टूबर, 2025 महात्मा गांधी जी की जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में हम अपने शहरों को साफ–सुथरा और प्रेरणादायी बनाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देंगे।

मुझे विश्वास है कि, आपके नेतृत्व में आपका शहर इस अभियान को केवल सफाई नहीं, बल्कि नागरिक गर्व और सामूहिक जिम्मेदारी के उत्सव के रूप में मनाएगा एवं इस अभियान से हमारे शहर स्वच्छ–सुंदर–सुविधापूर्ण बनेंगे और नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन को और भी गति प्राप्त होगी।

(अरूण साव)

प्रति,

1. समस्त महापौर, नगर पालिक निगम (छ.ग.)
2. समस्त अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत (छ.ग.)